## एक नजर में

### घर के अंदर सांप ने बालिका को काटा, मौत

**गुना।** शहर के नजदीक ही ग्राम हिलगना में 6 वर्षीय बालिका को सांप ने काट लिया। जिसके बाद बालिका की मौत हो गई। जानकारी सामने आई है कि रविवार सुबह करीब 6 बजे हिलगना निवासी हर्षिता लोधा अपने घर में मौजूद थी। घर के अंदर ही सांप पहुंच गया और हर्षिता को काट लिया। इस हादसे के बाद परिजन हर्षिता को तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है। मर्ग कायम कर लिया गया है।

### श्रवण एवं वाक दिव्यांगों को दी जानकारी

**गुना।** विशेष आउटरीच कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रवण एवं वाक दिव्यांग समुदाय के नागरिकों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना था। गुना जिला न्यायालय के एडीआर सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल पांच ज्ञानवर्धक सत्र रखे गए। इनमें उपस्थित दिव्यांगजनों को शासकीय कल्याणकारी योजनाओं, मध्यस्थता, तनाव प्रबंधन, कानूनी अधिकार और विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना की सचिव श्रीमती वंदना त्रिपाठी, जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी सहित करीब सात श्रवण व वाक दिव्यांगजन, उनके परिजन, सांकेतिक भाषा विशेषज्ञ, लॉ स्टूडेंट्स और पीएलवी शामिल हुए। इस दौरान जिला चिकित्सालय एवं सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से दिव्यांगजनों का लघु स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। समाज में संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से उद्घाटन सत्र सहित सभी पांचों सत्रों का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण भी किया गया।

# आरोपों पर हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट का करारा पलटवार

## अफवाह फैलाने और झूठी शिकायत करने वालों पर होगी एफआईआर, यथावत रहेगा शिव मंदिर

नवभारत न्यूज

**गुना 14 जून का। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट और उसके पदाधिकारियों पर पिछले कुछ समय से मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगाए जा रहे भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के आरोपों पर आखिरकार रविवार को ट्रस्ट ने अपना मौन तोड़ा है। टेकरी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अचानक एक आपातकालीन पत्रकार वार्ता बुलाई और चुन-चुनकर हर एक आरोप का कड़ा जवाब दिया।**



ट्रस्ट ने साफ शब्दों में कहा कि कुछ कतिपय तत्वों को मोहरा बनाकर संस्थान की छवि धूमिल करने के लिए फर्जी अफवाहों का बाजार गर्म किया जा रहा है, क्योंकि भ्रष्टाचार का राग अलापने वाले इन लोगों की निजी दुकानें अब पूरी तरह बंद हो चुकी हैं। ट्रस्ट पूरी पारदर्शिता, समन्वय और नियमों के दायरे में रहकर काम कर रहा है। इस प्रेस वार्ता में ट्रस्ट ने सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण परिसर में स्थित शिव मंदिर को लेकर दिया।

पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई जा रही थी कि वर्तमान शिव मंदिर को वहां से हटाया जा रहा है। इस पर ट्रस्ट ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि वर्तमान शिव मंदिर अपने स्थान पर यथावत रहेगा, उसे कहीं भी शिफ्ट नहीं किया जा रहा है। असल सच्चाई यह है कि मंदिर परिसर के भीतर ही एक अन्य 'शिव पंचायत' मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है।

इस नए मंदिर के लिए भगवान शिव और उनके पंचायत की प्रतिमाएं आ चुकी हैं, जिन्हें परिसर में ही एक दूसरे निर्धारित स्थान पर पूरे विधि-विधान से विराजमान किया जाएगा। आम जनता को भ्रमित करने के लिए इस निर्माण कार्य को तोड़-फोड़ और शिफ्टिंग का रूप देकर पेश किया जा रहा है।

### प्रवक्ता राजेश अग्रवाल की नियुक्ति वैध, मानहानि का मुकदमा करेंगे

निजी तौर पर लगातार विरोधियों के निशाने पर चल रहे ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल की नियुक्ति को लेकर भी पदाधिकारियों ने पूरी स्थिति स्पष्ट की। सोशल मीडिया पर चल रही 'चाचा-भतीजे की सरकार' और 'राजनीतिक हस्तक्षेप' की चर्चाओं को पूरी तरह बकवास करार दिया गया।

ट्रस्ट ने दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि राजेश अग्रवाल साल 2005 से बाकायदा मीटिंग की प्रोसीडिंग (कार्यवाही विवरण) के जरिए वैधानिक रूप से ट्रस्टी बने हैं। उनसे पूर्व ट्रस्टी रहे सत्यनारायण माहेश्वरी अपने निजी व्यवसाय के सिलसिले में गुजरात शिफ्ट हो गए थे, जिसके बाद उन्होंने स्वेच्छा से इस्तीफा देकर लिखित रूप में राजेश अग्रवाल को ट्रस्टी बनाने पर अपनी सहमति दी थी। पदाधिकारियों ने भावुक होते हुए याद दिलाया कि एक समय ऐसा था जब इस ट्रस्ट के खाते में महज 72 हजार रुपये की राशि बची थी। उस कठिन दौर में 4 करोड़ 51 लाख की भारी-भरकम राशि जुटाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया और शहर की धर्मप्रेमी जनता की अगाध आस्था व सहयोग से ही आज टेकरी सरकार के इस भव्य व ऐतिहासिक मंदिर का निर्माण संभव हो सका है।

प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने दो टूक कहा कि बिना किसी ठोस सबूत के उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, इसलिए वे ऐसे आरोप लगाने वालों के खिलाफ जल्द ही न्यायालय में मानहानि के मुकदमे दर्ज कराएंगे।

### राजनीति और किसी एक समाज के दबदबे का आरोप पूरी तरह निराधार: प्रजापति

पत्रकार वार्ता के दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नन्नूलाल प्रजापति ने प्रवक्ता राजेश अग्रवाल का बचाव करते हुए कहा कि मंदिर प्रबंधन में किसी भी प्रकार का राजनीतिक हस्तक्षेप बिल्कुल नहीं है। सोशल मीडिया पर यह दुष्प्रचार किया जा रहा है कि ट्रस्ट में केवल अग्रवाल समाज का दबदबा है, जो कि पूरी तरह झूठ है।

ट्रस्ट के अधिकांश पदाधिकारी किसी एक जाति या परिवार के नहीं हैं, बल्कि वे अलग-अलग समाजों से आते हैं। उपाध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि जो लोग मंदिर की व्यवस्थाओं को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी मानसिकता कुंठित हो चुकी है और वे केवल अपनी खोई हुई जमीन तलाशने के लिए इस तरह के अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं।

### बिना तथ्य के आवेदन देने वालों पर कराएंगे एफआईआर

ट्रस्ट के खिलाफ बिना किसी ठोस आधार और तथ्यों के एसडीएम कार्यालय में आवेदन लगाने वालों को भी आड़े हाथों लिया गया। बजरंग दल के जिला संयोजक द्वारा लिखित में टेकरी मंदिर पर करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार का जो आरोप लगाया गया है, उसे लेकर ट्रस्ट बेहद सख्त है। पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे लोगों से जल्द ही सबूत मांगे जाएंगे और साक्ष्य प्रस्तुत न करने की स्थिति में उनके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा, हम स्वयं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद की विचारधारा से ताल्लुक रखते हैं और उसी संस्कार में पले-बढ़े हैं। यदि बजरंग दल जैसा संगठन ही बिना किसी तथ्य और प्रमाण के बजरंग बली के पवित्र मंदिर पर उंगली उठाएगा, तो इस विषय पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों से उच्च स्तर पर सीधी बात की जाएगी।' इसके अलावा, पूर्व में आवेदन देने वाले पर्वत सिंह नामक व्यक्ति और सोशल मीडिया पर बिना किसी ठोस सबूत के आपत्तिजनक व भ्रामक पोस्ट डालने वाले अन्य असामाजिक तत्वों पर भी पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




# राज्य स्तरीय निरीक्षण से सुदृढ़ होंगी स्वास्थ्य सेवाएं, टीम का निरीक्षण

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय टीम द्वारा जिले में किशोर स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता हेतु उमंग सेंटरों एवं साथिया कार्यक्रम का दो दिवसीय निरीक्षण और समीक्षा की गई। राज्य स्तर से आए डॉ. निशांत कुमार दीवान एवं राज्य सलाहकार साकेत शुक्ला द्वारा इस दौरान परामर्श व्यवस्था एवं कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। भ्रमण के पहले दिन बीनागंज, राघौगढ़ एवं जिला चिकित्सालय गुना स्थित उमंग सेंटरों में सेवाओं की समीक्षा की गई। बीनागंज केंद्र पर बीएमओ डॉ. राजेश पुष्पद एवं बीसीएम हेमंत गौर के साथ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा हुई। वहीं राघौगढ़ में सीबीएमओ डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं सुनील शुक्ला के साथ 10 से 19 वर्ष आयु वर्ग के किशोर-किशोरियों को नियमित, गोपनीय एवं गुणवत्तापूर्ण परामर्श उपलब्ध कराने तथा स्कूल शिक्षा विभाग से बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। दूसरे दिन आरोन विकासखंड के ग्राम बमुरिया एवं राघौगढ़ विकासखंड के ग्राम गाबरी में संचालित साथिया कार्यक्रम का निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर इसके प्रभाव को देखा गया और आवश्यक निर्देश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि जिले में दक्ष फाउंडेशन के सहयोग से राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है, जिसके पी.सी. सुबोध भी टीम के साथ उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी आर.के.एस. के डॉ. आर.आर. माथुर एवं जिला समन्वयक आर.के.एस. विनीता सोनी ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त सुझावों के अनुरूप इन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।

# 40 वाहनों पर चालानी कार्रवाई, 22 हजार वसूला समन शुल्क

**गुना।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए गुना पुलिस द्वारा विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस ने 40 से ज्यादा वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 22 हजार 600 रुपए का समन शुल्क वसूल किया है। एसपी हितिका वासल के निर्देशन, एडिशनल एसपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन और डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित की अगुवाई में कार्रवाई यातायात प्रभारी अजय प्रताप सिंह और उनकी टीम द्वारा की गई है। इस दौरान रॉन्ग साइड वाहन चलाने, ओवरलोडिंग, बिना हेलमेट व सीट बेल्ट, तीन सवारी और मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट चलाने वाले वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही पुलिस ने वाहन चालकों को समझाइश देकर जागरूक भी किया। पुलिस अधिकारियों ने अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाएं सिर्फ आंकड़े नहीं होतीं, बल्कि हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां छीन लेती हैं। एक क्षण की लापरवाही किसी बच्चे के सिर से पिता का साया हटा सकती है। यातायात नियमों का पालन करना केवल कानूनी मजबूरी नहीं, बल्कि अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी भी है। पुलिस का उद्देश्य चालान काटना नहीं बल्कि हर नागरिक को सुरक्षित घर पहुंचाना है। इसलिए सड़क पर जल्दबाजी नहीं, समझदारी दिखाएं और यातायात नियमों का पालन करें।



# 500 रुपए के लेनदेन को लेकर दोस्त पर 5 बार चाकू से हमला

**गुना।** कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुक्तिधाम के पास शनिवार रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां महज 500 रुपये के आपसी लेनदेन के विवाद में एक दोस्त ने अपने ही दोस्त पर विश्वासघात करते हुए चाकू से ताबड़तोड़ पांच वार कर दिए। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, कैंट थाने के सामने रहने वाले 20 वर्षीय सौम्य करोसिया ने अपने दोस्त भूरा रघुवंशी से 500 रुपये उधार लिए थे। भूरा लगातार इन पैसों की मांग कर रहा था। शनिवार रात करीब साढ़े 9 बजे भूरा ने सौम्य को फोन करके कैंट मुक्तिधाम के पास बुलाया। वहां पहुँचते ही दोनों के बीच पैसों की बात को लेकर विवाद शुरू हो गया और भूरा गाली-गलौज करने लगा। विवाद को बढ़ता देख सौम्य करोसिया ने फोन कर अपने चाचा और अन्य परिजनों को भी मौके पर बुला लिया। परिजनों के बीच-बचाव करने के दौरान ही आरोपी भूरा रघुवंशी आक्रोशित हो गया। उसने आव देखा न ताव, तुरंत चाकू निकाला और सौम्य के पेट पर एक के बाद एक पांच वार कर दिए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। खून से लथपथ सौम्य को परिजनों ने तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया, जहाँ उसका इलाज जारी है और हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कैंट थाना पुलिस तुरंत सक्रिय हुई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी भूरा रघुवंशी को रात में ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

# गुना नगरपालिका के वार्ड क्र . 3 में नाला चलाया गया सफाई अभियान

नवभारत न्यूज

**गुना।** नगर पालिका गुना के वार्ड क्रमांक 3 में मानसून पूर्व जलभराव और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एक विशेष नाला सफाई अभियान चलाया गया। पार्षद श्रीमती बबीता राजेश साहू के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत नालों में जमा कचरा, प्लास्टिक वेस्ट और गाद को निकालकर जल निकासी को सुगम बनाया गया। इस अवसर पर वार्डवासियों को जागरूक करते हुए पार्षद श्रीमती बबीता साहू ने कहा कि केवल सफाई करवा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से नालों में कचरा न डालने और स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की ताकि सभी का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। श्रीमती साहू ने आगे जोड़ा कि निरंतर सफाई और नागरिकों के साझा सहयोग से ही हमारा शहर स्वच्छता रैंकिंग में बेहतर स्थान पर है और इस उपलब्धि को हमें आगे भी बरकरार रखना है। अभियान के दौरान भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष राजेश साहू ने भी नागरिकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने वार्डवासियों से आग्रह किया कि वे घर का कचरा नालों में बहाने के बजाय डस्टबिन का उपयोग करें, क्योंकि वार्ड तभी साफ रहेगा जब लोग खुद जागरूक होंगे। श्री साहू ने स्वच्छता रैंकिंग में गुना को नंबर वन बनाए रखने के लक्ष्य पर जोर देते हुए इसमें जनता के सहयोग को सबसे महत्वपूर्ण बताया।



नपा के इस प्रयास की नागरिकों ने सराहना की और स्वच्छता बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस विशेष सफाई अभियान के दौरान सुनील धाकड़, हेमंत ग्वाल, कमल धाकड़, आशीष प्रजापति, बल्लू कुशवाहा, गोलू जैन, कुलदीप कुशवाहा, बंटी खरे, फिरोज खान, महेश साहू, बंटी सहित नगर पालिका के अनेक कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सच्ची कलाएं संघर्ष कराती हैं, पर रास्ता भी दिखाती हैं : दीक्षित



**गुना।** अभिव्यक्ति कला मंच द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन युवा एवं बाल रंग शिविर का बीती रात मानस भवन में रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व चित्रकार पंकज दीक्षित ने कहा कि आज के दौर में इंटरनेट और टीवी के जरिए परोसी जा रही छद्म कलाएं युवाओं को गुमराह कर रही हैं। सच्ची कला भले ही संघर्ष कराती है, लेकिन जीवन का सही रास्ता भी दिखाती है। विशिष्ट अतिथि नाट्यकर्मी व कवि हरिओम राजौरिया ने थिएटर को बच्चों के व्यक्तित्व विकास का आधार बताया। समापन समारोह में बच्चों ने बुंदेली लोक नृत्य 'कर्मा' और जनगीतों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। वहीं, अनिल दुबे के निर्देशन में भारतेंदु हरिश्चंद्र लिखित नाटक 'अंधेर नगरी' के मंचन में बच्चों के उत्कृष्ट अभिनय ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में ड्रीम इंडिया स्कूल के संचालक प्रशांत व्यास ने प्रतिभागी बच्चों को प्रमाणपत्र सौंपकर उनकी सराहना की।

इस दौरान अशोकनगर से आए कलाकार रामदुलारी शर्मा, रतनलाल पटेल, उज्जैन के मुकेश बिजौले सहित स्थानीय कलाप्रेमी व अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिविर संयोजक कृष्णा दुबे ने किया और आभार सचिव पूजा सिंह ने व्यक्त किया।

### दिनभर आसमान में छाए रहे बादल, बदल गया मौसम

**गुना।** जिले में मौसम का मिजाज एक बार फिर पूरी तरह बदल गया है। रविवार को दिनभर आसमान में बादलों का डेरा रहा और शहर सहित आस-पास के इलाकों में कई बार हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा। समय से पहले मानसून के दस्तक देने की उम्मीद से किसानों और आम जनता में राहत की उम्मीद जगी है। हालांकि, बादलों की आवाजाही और रुक-रुक कर हो रही इस बूंदाबांदी के बीच हवा रुकने से उमस का ग्राफ काफी बढ़ गया है।

# कोर्ट की अनुमति पर 5 महीने की गर्भवती नाबालिग का गर्भपात

### बमौरी में चचेरे भाई ने किया था दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**गुना।** जिले के बमौरी थाना क्षेत्र में रिश्तों को तार-तार करने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां एक चचेरे भाई ने अपनी ही 15 वर्षीय नाबालिग बहन को हवस का शिकार बना डाला। इस घिनौनी करतूत के कारण नाबालिग पांच महीने की गर्भवती हो गई थी। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी सामने आई है कि पीड़ित बालिका ने जब अपने परिजनों को आपबीती सुनाई, तब जाकर इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ। पीड़िता ने बताया कि उसके चचेरे भाई ने ही उसके साथ इस वारदात को अंजाम दिया था और किसी को बताने पर डराया-धमकाया था। लोकलाज और डर के कारण पीड़िता चुप रही, जिससे वह पांच महीने की गर्भवती हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए परिजनों ने बुधवार को बमौरी थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई। पीड़िता नाबालिग थी और गर्भधारण की अवधि पांच महीने हो चुकी थी, इसलिए नियमानुसार गर्भपात के लिए न्यायालय की शरण ली गई। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद, रविवार को कड़ी चिकित्सीय देखरेख में किशोरी का गुना जिला अस्पताल के मेटरनिटी वार्ड में सुरक्षित गर्भपात कराया गया। बमौरी थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता दिखाई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और अन्य कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मामला दर्ज** — टीवी देखते-देखते सो गए बुजुर्ग व्यवसायी, सीसीटीवी में कैद हुई नकाबपोश की करतूत

# सनसनीखेज मामला : सराफा बाजार में दिनदहाड़े 'शातिर' चोरी

नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित छोटा सराफा बाजार में एक सराफा व्यवसायी की दुकान से दिनदहाड़े करीब 5 किलो कच्ची चांदी चोरी होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी की यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी मनोज कुमार जैन की छोटा सराफा बाजार में मनोज ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। रविवार दोपहर बाजार में ग्राहकी कम होने के कारण उनके बुजुर्ग पिता सुमेरचंद जैन दुकान पर अकेले मौजूद थे। इसी दौरान वे टीवी देखते हुए काउंटर के पास आराम करने लेट गए और उन्हें हल्की झपकी लग गई। इसी सुनहरे मौके का फायदा उठाकर एक अज्ञात नकाबपोश युवक दुकान के बाहर पहुंचा। उसने बेहद शातिराना अंदाज में बाहर से ही काउंटर का शीशा खिसकाया और अंदर रखा चांदी से भरा बैग निकालकर अपने थैले में रख लिया और पलक झपकते ही मौके से फरार हो गया। फरियादी मनोज जैन ने बताया कि दोपहर करीब 1:45 बजे वे अपने पिता को दुकान पर छोड़कर बड़े जैन मंदिर दर्शन करने गए थे। करीब एक घंटे बाद उनका छोटा भाई संदीप दुकान पहुंचा और दोपहर 3 बजे मनोज भी वापस लौट आए। दिनभर सामान्य कारोबार चलता रहा और किसी को वारदात की भनक नहीं लगी। रात करीब 8 बजे दुकान बंद करने के दौरान जब मनोज ने काउंटर के पास रखे चांदी के बैग के बारे में पूछा, तो पिता ने समझा कि बैग तिजोरी में रख दिया गया होगा। संदेह होने पर जब तिजोरी और दुकान की जांच की गई तो बैग गायब मिला।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखा चोर

बैग में करीब 5 किलो कच्ची चांदी रखी हुई थी, जो गलने के बाद लगभग 3.5 किलो शुद्ध चांदी होती है। बैग गायब होने से हड़कंप मच गया और परिजनों ने तुरंत सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज में दोपहर करीब 2:10 बजे एक नकाबपोश युवक चोरी की वारदात को अंजाम देता साफ दिखाई दिया। वीडियो में नजर आ रहा है कि जब सुमेरचंद जैन सो रहे थे, तभी आरोपी ने चालाकी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की शिनाख्त करने में जुटी है।

### कोतवाली पुलिस ने पकड़ा स्थाई वारंटी

**गुना।** गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा और उनकी टीम ने छेड़छाड़ के मामले में लंबे समय से फरार एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी धरम बाल्मीकि, निवासी महावीरपुरा गुना, के विरुद्ध वर्ष 2023 में छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं के तहत मामला दर्ज हुआ था। फरार रहने पर अदालत ने उसका स्थाई वारंट जारी किया था। प्रधान आरक्षक सूर्येन्द्र मिश्रा और आरक्षक अभिषेक की विशेष भूमिका रही।



# सवा दो लाख महिलाओं के खातों में आई लाड़ली बहना की किश्त

**गुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को सागर जिले के केसली विकासखंड से राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 37वीं किश्त जारी की गई। इस राष्ट्रव्यापी योजना के तहत प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में कुल 1835 करोड़ रुपये अंतरित किए गए, जिससे गुना जिले की बहनें भी व्यापक रूप से लाभान्वित हुईं।** गुना में इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में आयोजित किया गया। यहाँ उपस्थित लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लाइव संबोधन को देखा और सुना। योजना के तहत गुना जिले की 2 लाख 26 हजार 779 लाड़ली बहनों के खातों में सिंगल क्लिक से कुल 33,44,57,000 (तैंतीस करोड़ चौवालिस लाख सत्तावन हजार) रुपये की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक दिनेश चंदेल सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें मौजूद रहीं।